**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# 16

## B.A. (SEM.-I) EXAMINATION, 2021-22

## संस्कृत

## ( संस्कृत पद्यसाहित्य एवं व्याकरण )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **C** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 100**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer any 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. If more than 75 questions are attempted by student, then the first attempted 75 questions will be considered for evaluation. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किन्हीं 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। यदि छात्र द्वारा 75 से अधिक प्रश्नों को हल किया जाता है तो प्रारम्भिक हल किये हुए 75 उत्तरों को ही मूल्यांकन हेतु सम्मिलित किया जाएगा। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. 'रति विलाप' का मार्मिक चित्रण किस महाकाव्य में वर्णित है ?

(A) रघुवंशम् में

(B) शिशुपालवधम् में

(C) मेघदूतम् में

(D) कुमारसम्भवम् में

2. 'किरातार्जुनीयम्' का स्त्री पात्र है –

(A) द्रोपदी

(B) सीता

(C) शकुन्तला

(D) उर्मिला

3. पार्वती ने हिमालय की जिस चोटी पर तपस्या की, बाद में उसका नाम हुआ –

(A) सती शिखर

(B) गौरी शिखर

(C) उमा शिखर

(D) रमा शिखर

4. ''प्रियेषु सौभ्यगफला हि चारुता'' श्लोकांश उद्धृत है –

(A) शिशुपालवधम् से

(B) नैषधीयचरितम् से

(C) कुमारसम्भवम् से

(D) रघुवंशम् से

5. ''पदं सहेत भ्रमरस्य पेलवं शिरीषपुष्पं न पुनः पतत्रिणः''– यह कथन किसने किससे कहा ?

(A) मेना ने पार्वती से

(B) पार्वती ने मेना से

(C) हिमालय ने पार्वती से

(D) मेना ने हिमालय से

6. ग्रीष्म ऋतु में पार्वती तपस्या करती थीं –

(A) जल के मध्य

(B) बर्फ के मध्य

(C) अग्नि के मध्य

(D) इनमें से कोई नहीं

7. 'कुमारसम्भवम्' में 'कुमार' शब्द का क्या अभिप्राय है ?

(A) पार्वती कुमार

(B) शिवपुत्र

(C) गणेश

(D) कार्तिकेय

8. 'अस्त्युतरस्यां दिशि देवात्मा' श्लोकांश किस महाकाव्य को प्रारम्भ करता है ?

(A) रघुवंशम्

(B) कुमारसम्भवम्

(C) मेघदूतम्

(D) शिशुपालवधम्

9. किसे जरा और मृत्यु से उत्पन्न भय व्याप्त नहीं होता ?

(A) महाकवियों को

(B) महापुरुषों को

(C) साधारण जन को

(D) किसी को नहीं

10. 'येषां तान्प्रति मानमुज्झत नृपाः' कथन के माध्यम से कवि किसके प्रति मान (अहंकार) छोड़ने की बात कर रहा है?

(A) विद्या के प्रति

(B) सरस्वती के प्रति

(C) लक्ष्मी के प्रति

(D) विद्वानों के प्रति

11. साहित्य संगीत कला से रहित व्यक्ति होता है -

(A) परम पशु के समान

(B) परम देव के समान

(C) श्रेष्ठ जन के समान

(D) परम विद्वान के समान

12. ''शक्यो वारयितुं जलेन हुतभुक'' श्लोकांश में 'हुतभुक' का अर्थ है -

(A) अग्नि

(B) वायु

(C) पृथिवी

(D) आकाश

13. ''छेतुं वज्रमणिं शिरीष कुसुमप्रान्तेन सन्नहित'' कथन में 'वज्रमणिं' का अर्थ है -

(A) सोना

(B) हीरा

(C) पन्ना

(D) मोती

14. भवभूति के आश्रयदाता नरेश का नाम था -

(A) यशोवर्मा

(B) यशोधर्मा

(C) शंकरवर्मा

(D) अवन्तिवर्मा

15. 'जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचिसत्यं'- इस कथन में प्रशंसा की गयी है -

(A) परोपकार की

(B) परिश्रम की

(C) सत्संगति की

(D) विद्या की

16. नीतिशतक किस काव्य परम्परा का ग्रन्थ माना जाता है?

(A) महाकाव्य

(B) मुक्तककाव्य

(C) चम्पूकाव्य

(D) खण्डकाव्य

17. 'श्रीशः' में सन्धि है –

(A) गुण सन्धि

(B) वृद्धि सन्धि

(C) दीर्घ सन्धि

(D) पूर्वरूप सन्धि

18. शिवोऽर्च्यः का सन्धि-विच्छेद होगा –

(A) शिवः + अर्च्यः

(B) शिव + आरर्च्यः

(C) शिवरू + अर्च्यः

(D) इनमें से कोई नहीं

19. 'गुर्वादेशः' में किस सूत्र के अनुसार सन्धि हुई है?

(A) वृद्धिरेचि

(B) आदगुणः

(C) इकोयणचि

(D) अकः सवर्णे दीर्घः

20. स्थानी एवं आदेशों की संख्या समान होने पर आदेशों का विधान होता है –

(A) अक्रमिक

(B) सदृश

(C) क्रमिक

(D) असदृश

21. 'गत्यम्' की सिद्धि के लिए किस सूत्र का प्रयोग हुआ है?

(A) एचोऽयवायावः का

(B) वान्तो यि प्रत्यये का

(C) अतो दीर्घो यञि का

(D) इकोयणचि

22. 'रामाश्चिनोति' का सन्धि-विच्छेद क्या है?

(A) राम+चिनोति

(B) रामसम्+चिनोति

(C) राम+श्चिनोति

(D) रामस्+चिनोति

23. किस सूत्र के अनुसार शकार से परे 'त' वर्ग को 'च' वर्ग नहीं होता है?

(A) शात्

(B) ष्टुना ष्टुः

(C) स्तोश्चुनाश्चुः

(D) तोः षि

24. पदान्त में यदि 'झल' हो तो उन्हें 'जश' आदेश किस सूत्र से होता है?

(A) ष्टुना ष्टुः

(B) स्तोः श्चुना श्चुः

(C) झलां जशोऽन्ते

(D) तोः षि

25. 'पेष्टा' का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?

(A) पेष् + ता

(B) पेस् + ता

(C) पेषु + ता

(D) पेश् + ता

26. सांख्य दर्शन के प्रमुख आचार्य हैं -

(A) शंकर

(B) सायण

(C) कपिल

(D) महीधर

27. वेद का नेत्र है -

(A) खगोल विज्ञान

(B) भूगोल

(C) व्याकरण

(D) वास्तुशास्त्र

28. आयुर्वेद चिकित्सा को कितने तंत्रों में बाँटा गया है?

(A) दस

(B) आठ

(C) नौ

(D) ग्यारह

29. 'शुल्ब सूत्र' किस गणित से सम्बन्धित है?

(A) रेखागणित

(B) अंकगणित

(C) बीजगणित

(D) इनमें से कोई नहीं

30. 'लीलावती' किसकी रचना है?

(A) चरक की

(B) भास्कर द्वितीय की

(C) आर्यभट्ट की

(D) वराहमिहिर की

31. शालातुरीय नाम से जाने जाते हैं -

(A) कात्यायन

(B) पतञ्जलि

(C) पाणिनि

(D) बादरायण

32. 'चरक संहिता' किसकी रचना है ?

(A) बाणभट्ट

(B) सुश्रुत

(C) जीवक

(D) चरक

33. आयुर्वेद के आदि आचार्य हैं -

(A) अश्विनी कुमार

(B) इन्द्र

(C) बृहस्पति

(D) धन्वंतरि

34. 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य की कथावस्तु का मूल स्रोत है –

(A) महाभारत के वनपर्व से

(B) महाभारत के शान्तिपर्व से

(C) महाभारत के आदिपर्व से

(D) महाभारत के भीष्मपर्व से

35. राजा तथा सचिव की परस्पर अनुकूलता से वृद्धि होती है –

(A) ज्ञान की

(B) शक्ति की

(C) यश की

(D) समग्र सम्पत्तियों की

36. 'निसर्गदुर्वोधमबोधविकल्वाः' कथन किसने किससे कहा?

(A) दुर्योधन ने युधिष्ठिर से

(B) वनेचर ने युधिष्ठिर से

(C) द्रोपदी ने युधिष्ठिर से

(D) युधिष्ठिर ने वनेचर से

37. दुर्योधन 'अनुचरों' के प्रति व्यवहार प्रदर्शित करता है–

(A) आदरयुक्त बन्धुओं की भाँति

(B) स्निग्ध मित्रों की भाँति

(C) प्रिय राजाओं की भाँति

(D) दुष्ट सेवकों की भाँति

38. ''निहन्ति दण्डेन स धर्मविप्लवम्'' कथन में 'स' शब्द वाचक है –

(A) भीम का

(B) अर्जुन का

(C) दुर्योधन का

(D) युधिष्ठिर का

39. 'सर्वस्यौषधमस्तिशास्त्रविहितं ..... नास्त्यौषधम्' उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए –

(A) बालकस्य

(B) जनस्य

(C) मूर्खस्य

(D) विद्ववदजनस्य

40. 'नीतिशतकम्' का सम्पूर्ण विषय मनुष्य के गम्भीर –

(A) विज्ञान पर आधारित है

(B) सांसारिक अनुभव पर आधारित है

(C) व्यवहार शून्यता पर आधारित है

(D) आध्यात्मिक संचेतना पर आधारित है

41. 'नीतिशतकम्' का मंगलाचरण किस छन्द में है?

(A) अनुष्टुप

(B) वंशस्थ

(C) मालिनी

(D) इन्द्रवज्रा

42. महर्षि पतञ्जलि के अनुसार योग की परिभाषा है -

(A) योगः कर्मसु कौशलं

(B) समत्वं योग उच्यते

(C) अथ योगानुशासनम्

(D) दुःख संयोग वियोगं योग संज्ञितम्

43. 'सत्यमेव जयते' लिया गया है -

(A) मुण्डकोपनिषद से

(B) कठोपनिषद से

(C) प्रश्नोपनिषद से

(D) ईशावास्योपनिषद से

44. महाकवि भारवि का समय माना जाता है -

(A) 650 ई.

(B) 560 ई.

(C) 605 ई.

(D) 506 ई.

45. 'हितं मनोहारि च दुर्लभं वचः' सूक्ति उद्धृत है -

(A) शिशुपालवधम् से

(B) कुमारसम्भवम् से

(C) रघुवंशम् से

(D) किरातार्जुनीयम् से

46. वनेचर किस वन में युधिष्ठिर से मिलता है?

(A) दण्डकारण्य में

(B) सुन्दरवन में

(C) नन्दनवन में

(D) द्वैतवन में

47. भारवि काव्य जगत में प्रसिद्ध हैं -

(A) उपमा के लिए

(B) पदलालित्य के लिए

(C) अर्थगौरव के लिए

(D) उपरोक्त सभी के लिए

48. 'सौष्ठवौदार्य विशेषशालिनीम' विशेषण प्रयुक्त हुआ है-

(A) वाणी के लिए

(B) कवि के लिए

(C) काव्य के लिए

(D) कविता के लिए

49. ''वितन्यते तेन नयेन पौरुषम्'' श्लोकांश में 'तेन' पद प्रयुक्त हुआ है -

(A) युधिष्ठिर के लिए

(B) दुर्योधन के लिए

(C) भीम के लिए

(D) अर्जुन के लिए

50. ''किं जीर्णं तृणमत्ति मानमहतामग्रेसरः'' में 'मानमहतामग्रेसर' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) हाथी के लिए

(B) घोड़े के लिए

(C) सिंह के लिए

(D) खरगोश के लिए

51. 'नीतिशतकम्' में कुल श्लोकों की संख्या है –

(A) 15

(B) 11

(C) 12

(D) 14

52. ''वरं पर्वतदुर्गेषु भ्रान्तं वनचरैसह'' श्लोक में कवि ने किसके संसर्ग को त्याज माना है?

(A) विद्वानों के

(B) देवताओं के

(C) मूर्खों के

(D) महापुरुषों के

53. 'विशेषतः सर्वविदां समाजे विभूषणं ..... पण्डितानाम्' रिक्त स्थान को उचित शब्द से भरिए।

(A) ज्ञानं

(B) मानं

(C) वाकं

(D) मौनं

54. 'वाक्यपदीय' के रचनाकार हैं –

(A) कालिदास

(B) भर्तृमेण्ठ

(C) भर्तृहरि

(D) महाकवि बाणभट्ट

55. 'सतां केनोदिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम्' श्लोकांश उद्धृत है –

(A) नीतिशतकम् से

(B) शृङ्गारशतकम् से

(C) वैराग्यशतकम् से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. 'विघ्नैः पुनः पुनरपिप्रतिहन्यमाना' यहाँ कवि ने वर्णन किया है –

(A) मध्यम श्रेणी पुरुष का

(B) प्रथम श्रेणी पुरुष का

(C) उत्तम श्रेणी पुरुष का

(D) क्षुद्र श्रेणी पुरुष का

57. ''कदाचिदासन्नसखीमुखेन सा मनोरथज्ञं'' श्लोकांश में मनोरथज्ञं विशेषण है :

(A) मेना का

(B) पार्वती का

(C) हिमालय का

(D) शिव का

58. पार्वती के शरीर की उपमा किससे दी गयी है ?

(A) स्वर्णकमल से

(B) नीलकमल से

(C) श्वेतकमल से

(D) रक्तकमल से

59. तपस्यारत पार्वती का भोजन था –

(A) ऋषियों की भाँति

(B) देवों की भाँति

(C) वृक्षों की भाँति

(D) पक्षियों की भाँति

60. 'न षटपदश्रेणिभिरेव पVज' श्लोकांश में 'षटपदश्रेणिभिः' का अर्थ है –

(A) तितलियाँ

(B) भँवरा

(C) भँवरें

(D) मधुमक्खियाँ

61. तपस्या के समय पार्वती द्वारा धारण की गयी तगड़ी (करधनी) निर्मित थी –

(A) स्वर्ण से

(B) लता से

(C) पुष्प से

(D) मूँज (मौञ्ज) से

62. पार्वती ने किसके सदृश वल्कल वस्त्र धारण किया ?

(A) चन्द्रमा के समान

(B) बाल अरुण के समान

(C) युवा अरुण के समान

(D) वृद्ध अरुण के समान

63. कामदेव को भस्म होते हुए देखकर 'भग्नमनोरथा' हो गयी –

(A) सती

(B) मेना

(C) सीता

(D) रति

64. 'कुमारसम्भवम्' के कितने सर्गों की रचना कालिदासकृत मानी जाती है ?

(A) प्रथम सर्ग से द्वादश सर्ग तक

(B) प्रथम सर्ग से त्रयोदश सर्ग तक

(C) प्रथम सर्ग से अष्टम् सर्ग तक

(D) प्रथम सर्ग से दशम सर्ग तक

65. 'दीपशिखा' पद से किस कवि को अलङ्कृत किया गया ?

(A) भवभूति को

(B) कालिदास को

(C) माघ को

(D) भारवि को

66. आदिकवि वाल्मीकि का मूल नाम था –

(A) मणिलाल

(B) रत्नलाल

(C) रत्नाकर

(D) रामलाल

67. 'एतन्मुरारिः' में किस सूत्र से सन्धि हुई है?

(A) तोर्लि

(B) यरोऽनुनासिको वा

(C) प्रत्यये भाषायां नित्यम्

(D) झयोहोऽन्यतरस्याम्

68. अनुस्वार सन्धि विधायक सूत्र है -

(A) मोऽनुस्वारः

(B) अनुस्वारस्य ययि पर सवर्णः

(C) यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा

(D) अनुनासिकात्परोऽनुस्वारः

69. मनोरथः का सन्धि-विच्छेद होगा -

(A) मनर् + थ

(B) मनो + अर्थः

(C) मनस् + रथः

(D) मनः + रथः

70. 'रवर्' परे रहते विसर्ग को 'स' हो जाता है -

(A) विसर्जनीयस्य सः से

(B) वा शरि से

(C) ससजुषो रूः से

(D) हशि च से

71. शिवस् + वन्द्यः में 'स' को 'रू' आदेश होता है -

(A) हलि सर्वेषाम्

(B) विसर्जनीयस्य

(C) ससजुषो रू

(D) हशि च

72. 'निर्झरः' का सन्धि-विच्छेद होगा -

(A) निस् + झरः

(B) निर् + झरः

(C) निः + झरः

(D) निः + अझरः

73. 'नैषधीयचरितम्' महाकाव्य के रचनाकार हैं -

(A) कालिदास

(B) श्री हर्ष

(C) भारवि

(D) माघ

74. महाकवि व्यास का पूरा नाम है -

(A) कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास

(B) कृष्ण वेदव्यास

(C) द्वैपायन वेदव्यास

(D) इनमें से कोई नहीं

75. कुमारसम्भवम् का मुख्य वर्ण्य विषय है –

(A) कुमार जन्म

(B) तारकासुरवधम्

(C) शिव-पार्वती प्रेम

(D) पार्वती तपस्या

76. 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य का नायक है –

(A) इन्द्र

(B) शिव

(C) तारकासुर

(D) कामदेव

77. पार्वती को कठोर तप से विरत करने का प्रयास किसने किया ?

(A) हिमालय ने

(B) शिव ने

(C) मेना ने

(D) विष्णु ने

78. महाकवि कालिदास उपासक थे –

(A) विष्णु के

(B) ब्रह्मा के

(C) सरस्वती के

(D) शिव के

79. 'साक्ष्य इव स्थिता क्षपाः' श्लोकांश में क्षपा का अर्थ है –

(A) निशा

(B) सन्ध्या

(C) उषा

(D) लता

80. 'कुमारसम्भवम्' महाकाव्य के सर्गान्त में सर्वाधिक प्रयुक्त छन्द है –

(A) वंशस्थ

(B) मालिनी

(C) उपजाति

(D) अनुष्टुप

81. तप के समय पार्वती ने अपनी चंचल चितवन किसे सौंप दी ?

(A) मछलियों को

(B) सखियों को

(C) लताओं को

(D) हरिणियों को

82. 'कृताभिषेकां, हुतजात वेदसं, त्वगुत्तरासङ्गवतीमधीतिनीम्'' श्लोकांश उद्धृत है –

(A) नीतिशतकम् से

(B) कुमारसम्भवम् से

(C) किरातार्जुनीयम् से

(D) रघुवंशम् से

83. 'नीतिशतक' के अनुसार सुभाषित कहाँ अन्तर्हित हो गये?

(A) राजा के हृदय में

(B) विद्वान के हृदय में

(C) कवि के हृदय में

(D) महापुरुषों के हृदय में

84. अल्पज्ञान मात्र से स्वयं को पण्डित मानने वाले मनुष्य को नहीं समझा सकते -

(A) गणेश

(B) ब्रह्मा

(C) विष्णु

(D) महेश

85. 'लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीड्यन्' कथन है-

(A) भवभूति का

(B) भर्तृमेण्ठ का

(C) भर्तृहरि का

(D) कालिदास का

86. 'महाभाष्यकार' है -

(A) पाणिनि

(B) पतञ्जलि

(C) कात्यायन

(D) भट्टोजिदीक्षित

87. 'परः सन्निकर्ष' है -

(A) वृद्ध

(B) सर्वनामस्थानकम्

(C) प्रातिपदिकम्

(D) संहिता

88. 'ऋ'कार का उच्चारण स्थान है -

(A) तालु

(B) मूर्धा

(C) कण्ठ

(D) जिह्वामूल

89. 'अभ्यान्तर प्रयत्न' के प्रकार हैं -

(A) 02

(B) 07

(C) 05

(D) 09

90. 'प्रत्याहार संज्ञा' करने वाला सूत्र है -

(A) आदिरन्त्येन संहेता

(B) हलन्त्यम्

(C) हलोऽन्तराः संयोगः

(D) पर सन्निकर्षः संहिता

91. व्याकरण में 'लोप' का अर्थ है -

(A) विकार

(B) अश्रवण

(C) अदर्शन

(D) नाश

92. 'अय' आदि आदेश होते हैं -

(A) एच के स्थान पर

(B) अच् के स्थान पर

(C) इक् के स्थान पर

(D) यण के स्थान पर

93. ‘अकृष्टपच्या’ का अर्थ है –

(A) बिना जुताई के पकने वाली फसल

(B) बिना सिंचाई के पकने वाली फसल

(C) बिना धूप के पकने वाली फसल

(D) बिना खाद के पकने वाली फसल

94. ‘महौजसोमानधना धनार्चिताः’ श्लोकांश को किसने किससे कहा ?

(A) द्रोपदी ने युधिष्ठिर से

(B) युधिष्ठिर ने द्रोपदी से

(C) द्रोपदी ने अर्जुन से

(D) वनेचर ने युधिष्ठिर से

95. महाकवि भारवि किसके उपासक थे?

(A) शिव के

(B) विष्णु के

(C) ब्रह्मा के

(D) परमब्रह्म के

96. किस महाकाव्य के प्रथम तीन सर्गों को ‘पाषाणत्रय’ कहा जाता है ?

(A) रघुवंशम् महाकाव्य के

(B) शिशुपालवधम् महाकाव्य के

(C) किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के

(D) कुमारसम्भवम् महाकाव्य के

97. किरातार्जुनीयम् महाकाव्य में ‘सुयोधन’ शब्द प्रयुक्त हुआ है –

(A) युधिष्ठिर के लिए

(B) दुर्योधन के लिए

(C) नकुल के लिए

(D) सहदेव के लिए

98. ‘किरातार्जुनीयम्’ महाकाव्य के प्रथम सर्ग में श्लोकों की संख्या है –

(A) 45

(B) 44

(C) 56

(D) 46

99. ‘श्रियः कुरूणामधियस्य पालनी’ श्लोकांश उद्धृत है –

(A) रघुवंशम् से

(B) शिशुपालवधम् से

(C) नैषधीयचरितम् से

(D) किरातार्जुनीयम् से

100. ‘‘प्रवृत्तिसाराः खलु मादृशां गिरः’’ श्लोकांश में ‘मादृशां’ पद प्रयुक्त हुआ है –

(A) वनेचर के लिए

(B) द्रोपदी के लिए

(C) युधिष्ठिर के लिए

(D) दुर्योधन के लिए

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**